# थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित पाटा ट्रैवल मार्ट–2025 में पर्यटन विभाग की पवेलियन पर आगंतुकों की भारी भीड़ देखने को मिली

## पर्यटन विभाग द्वारा पाटा के मंच पर राज्य की बौद्ध विरासतों को भव्यता से प्रस्तुत किया गया – जयवीर सिंह

**लखनऊ : 29 अगस्त, 2025**

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने राज्य की बौद्ध विरासतों के साथ एशिया प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन मंच 47वें पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (पाटा–2025) में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज कराई। राज्य पर्यटन अपनी विशेष प्रदर्शनी 'एम्बार्क ऑन योर बोधि यात्रा इन उत्तर प्रदेश' के साथ सबसे आकर्षक और सर्वाधिक देखे जाने वाले पवेलियनों में शामिल रहा। यहां राज्य के प्रमुख बौद्ध स्थलों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। विदेशी आगंतुकों को 'बोधि यात्रा' पर उत्तर प्रदेश आमंत्रण के साथ पाटा–2025 की भव्य विदाई हुई।

यह जानकारी उप्र0 के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के स्टॉल का उद्घाटन थाईलैंड में भारत के राजदूत नागेश सिंह ने किया। 26 से 28 अगस्त तक बैंकॉक के क्वीन सिरीकिट नेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, टूर एंड ट्रैवल क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों और साझेदारों के साथ सार्थक संवाद हुए। संवाद सत्र में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और आध्यात्मिकता को रेखांकित किया गया। यूपी पवेलियन में विदेशी आगंतुकों को 'बुद्धा राइस' (काला नमक चावल) विशेष रूप से भेंट किया गया।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 47वां पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन, पर्यटन अर्थव्यवस्था से जुड़े हितधारकों को जोड़ने वाला एक प्रमुख मंच सिद्ध हुआ। यह आयोजन राज्य के बौद्ध स्थलों की यात्रा और पर्यटन उद्योग की उत्साहजनक भागीदारी का साक्षी बना। सम्मेलन में 20 को–एग्जीबिटर्स ने बी–टू–बी (बिजनेस–टू–बिजनेस) बैठकें की और नए साझेदारी समझौतों पर हस्ताक्षर किए। अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदेश के बौद्ध स्थलों– सारनाथ, कपिलवस्तु, संकिसा, कौशाम्बी, श्रावस्ती और कुशीनगर को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। उल्लेखनीय है कि यह वर्ष आसियान–भारत पर्यटन वर्ष के रूप में भी मनाया जा रहा है।

बैंकॉक में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पर्यटन ने नेटवर्किंग, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और साझेदारी को लेकर कई अहम पहल की। प्रतिनिधियों और मीडिया ने उत्तर प्रदेश मंडप की पारंपरिक और आधुनिक प्रस्तुति शैली की सराहना की। कार्यक्रम में पर्यटन क्षेत्र के प्रतिनिधियों को राज्य के बौद्ध सर्किट, उन्नत सुविधाएं, बेहतर कनेक्टिविटी और विभाग द्वारा आयोजित होने वाले फैम ट्रिप की जानकारी भी दी गई। यूपी पवेलियन में भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े वृत्तचित्रों और आधुनिक तकनीक से सजे प्रदर्शनी स्टॉल की सभी ने सराहना की।

आयोजन के उपरांत बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास की ओर से भव्य रोड शो का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग ने बौद्ध सर्किट एवं प्रदेश के विविध पर्यटन अनुभवों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर आईआरसीटीसी की समूह महाप्रबंधक (पर्यटन) प्रोमिला गुप्ता और भारतीय दूतावास के वाणिज्य प्रकोष्ठ की प्रमुख जगप्रीत कौर को सम्मानित किया गया।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि पाटा में मिली उत्साहजनक प्रतिक्रिया ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन का केंद्र बनाने के हमारे लक्ष्य को और मजबूत किया है।

---

**सम्पर्क सूत्र**– केवल

**वैशाली माथुर/04:15 PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ईपी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in